पंजाब केसरी 14/09/2025

# अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरुकता बढ़ाने के उद्देश्य से हुई विशेष गतिविधि

अम्बाला, 13 सितम्बर (बलराम): छावनी स्थित गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा प्राचार्य डा. रोहित दत्त के मार्गदर्शन एवं एपैक्स एस.डी.जी. चैम्पियन-2025 के सहयोग से विद्यार्थियों और स्टाफ के बीच अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरुकता बढ़ाने के उद्देश्य से एक विशेष गतिविधि का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता सुशील बक्शी ने इस विषय पर सभी को प्रशिक्षण दिया।

इस दौरान सुशील बक्शी ने विद्यार्थियों और स्टाफ सदस्यों को अग्नि सुरक्षा उपकरणों के संचालन और अग्नि से बचाव के विशेष नियमों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आग लगने की स्थिति में कैसे प्राथमिक सुरक्षा उपाय अपनाए जाएं और उपलब्ध उपकरणों का सही उपयोग किया जाए। प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने कहा कि अग्नि सुरक्षा के यह बुनियादी नियम हर व्यक्ति को पता होने चाहिए। उनकी यह जिम्मेदारी है कि वह अपने विद्यार्थियों और सहयोगियों को इस महत्वपूर्ण विषय पर शिक्षित करें। डा. पिंकी गुप्ता एवं डा. चंद्रपाल पूनिया ने कहा कि इस पहल के माध्यम से कॉलेज ने अग्नि सुरक्षा के महत्व को रेखांकित किया व यह भी सुनिश्चित किया कि सभी लोग आपातकालीन स्थितियों से निपटने के लिए तैयार रहें।



*गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज में अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरुकता बढ़ाने के उद्देश्य से विद्यार्थियों को प्रशिक्षण देते विशेषज्ञ।* (चंद्रमोहन)